भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 25.09.2025

रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) का आरेडिका एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट में दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना एवं फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट रायबरेली का दिनांक–25.09.2025 रेलवे बोर्ड के अपर सदस्य (उत्पादन इकाई) सीताराम सिंकू ने दौरा किया। श्री सिंकू ने कोच एवं फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन के संबंध में आरेडिका के महाप्रबंधक श्री प्रशान्त कुमार मिश्रा तथा उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की।

श्री सिंकू ने फर्निशिंग शॉप के प्रांगण में स्वच्छता ही सेवा अभियान–2025 के तहत राष्ट्रव्यापी श्रमदान की थीम **"एक दिन एक घण्टा एक साथ"** को गति देने के लिए आरेडिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्वच्छता अभियान में सहभागिता की।

अपर सदस्य ने शेलशॉप, बोगीशॉप, व्हीलशॉप एवं फर्निशिंगशॉप आदि का निरीक्षण किया तथा मशीनों की कार्य दक्षता का अवलोकन किया और इन मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों से मशीन की कार्यप्रणाली के संबंध में बातचीत की। उन्होने आरेडिका में निर्मित होने वाले पहले वन्देभारत के रेक को देखा तथा इसके निर्माण को गति देने के लिए कहा।

आगे इसी क्रम में फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट का दौरा किया फोर्ज्ड व्हीलों के उत्पादन को बढाने एवं प्लाण्ट की अवसंरचना के विकास के संबंध में उच्च अधिकारियों से विचार विमर्श किया। उन्होने फोर्ज्ड व्हील प्लाण्ट के संबंध में कहा कि यह भारतीय रेलवे की महत्वपूर्ण उत्पादन इकाई है। इसका संचालन निरन्तर होता रहे इसके लिए भारतीय रेलवे कृत संकल्पित है।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई विवेक खरे, पीसीएमएम राकेश राज पुरोहित, पीएफए बीएल मीना, पीसीई सत्य प्रकाश यादव, वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी अकमल वदूद, पीसीपीओ रूपेश श्रीवास्तव, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द, सहित फोर्ज्ड व्हील प्लांट के सीडवल्यूएम मनोज कुमार तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

25/9/2025

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जनसंपर्क अधिकारी